Need to investigate alleged harassment of faculty members of AIIMS in Raipur, Chhattisgarh- laid

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर का एक गम्भीर मसला सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूँ । एम्स, रायपुर के संकाय सदस्यों की प्रताड़ना को लेकर मैं पहले भी पत्राचार के माध्यमों से अवगत कराता रहा हूँ । दिल्ली एम्स से अनुभव प्राप्त कर रायपुर एम्स में कार्यरत् संकाय सदस्य डॉ राधाकृष्ण रामचंदानी जी एवं उनकी पत्नी को कथित रूप से प्रताड़ित कर नौकरी छोड़ने पर विवश करने का मामला सज्ञान में आया है । यह मामला रूल्स 14 सेन्ट्रल सिविल सर्विसेस का दुरूपयोग कर, कर्मठ, ईमानदार सरकारी प्रशासनिक सेवा में लोगों के प्रति अन्यायपूर्ण साजिश के तहत नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करने का प्रयास है ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सपनों का एम्स संस्थान जिनके स्वास्थ्य व्यवस्था के रीढ़ की हड्डी चिकित्सकों को कथित रूप से प्रताड़ित कर नौकरी छोड़ने के मामले को केन्द्रीय स्वास्थ्य समिति के जाँच दल द्वारा जाँच करने का अनुरोध करता हूँ ।